मध्य प्रदेश ने हॉकी में जीता स्वर्ण और रजत पदक

चर्चा में क्यों?

10 फरवरी, 2023 को खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2022 में मध्य प्रदेश पुरूष हॉकी टीम ने फाइनल मुकाबले में हॉकी का पावरहाउस कहे जाने वाले ओडिशा को 3-2 से मात देकर गोल्ड मेडल जबकि महिला हॉकी टीम ने रजत पदक प्राप्त किया है।

प्रमुख बिंदु

- मध्य प्रदेश की महिला हॉकी टीम ने झारखंड की टीम को फाइनल में कड़ी टक्कर दी। प्रदेश की लड़कियाँ बेहतर प्रदर्शन करते हुए एक-एक से बराबरी करने में सफल हो गई थी, लेकिन पेनाल्टी शूटआउट में वे 4 के मुकाबले 3 गोल ही कर सकीं और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।
- पुरुष एवं महिला हॉकी प्रतियोगिताओं का फाइनल एमपी हॉकी अकादमी, ग्वालियर में खेला गया।
- पुरुष वर्ग में पंजाब ने झारखंड को 2-0 से हरा कर काँस्य पदक जीता, वहीं महिला वर्ग में हरियाणा ने ओडिशा को 1-0 से हराकर काँस्य पदक जीता।
- खेलो इंडिया यूथ गेम्स -2022 में पदक तालिका में मध्य प्रदेश तीसरे क्रम पर है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/madhya-pradesh-won-gold-and-silver-medals-in-hockey